# साई नाम प्यारा प्यारा | By Ram Pande

जबसे मिला है मुझको तेरा ही सहारा
साई नाम प्यारा प्यारा साई नाम न्यारा
जो ना बोले साई साई जग से वो हारा
साई नाम प्यारा प्यारा साई नाम न्यारा

भटक गया था राहों में
साई ने मुझको थाम लिया
सांचे दिल से मैंने देखो
जब साई का नाम लिया
तू माने अल्लाह को बाबा
श्री राम का ध्यान धरे
पहन के चोला फ़कीर का
संतो साधू काम करे
तू ही है कश्ती मेरी तू ही है किनारा
साई नाम प्यारा प्यारा साई नाम न्यारा
जो ना बोले साई साई जग से वो हारा
साई नाम प्यारा प्यारा साई नाम न्यारा

मैंने जब साई बाबा
तेरा दामन थाम लिया
सारी दुनिया ने बाबा तब
बड़े अदब से नाम लिया
तू ही मन के मंदिर में
तू ही बसे है नैनन में
तू ही मुझको लागे अपना
बाकी सब लागे है सपना
कान्हा के सर पे रख दो हाथ तुम्हारा
साई नाम प्यारा प्यारा साई नाम न्यारा
जो ना बोले साई साई जग से वो हारा
साई नाम प्यारा प्यारा साई नाम न्यारा

साई राम साई राम सब मिल बोलो साई राम ..........
साई राम साई राम सब मिल बोलो साई राम ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%88-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-ram-pande/